Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding cultivation of bamboo in Chambal Region of Madhya Pradesh.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड): मध्य प्रदेश के चम्बल क्षेत्र में 7 लाख हेक्टेयर में बीहड़ फैला हुआ है। डकैती के प्रभाव एवं तकनीकी के अभाव से कारण पूरा क्षेत्र बंजर पड़ा हुआ है। यहां की जमीन अत्यंत उपजाऊ है। 20 किलोमीटर की सीमा में यमुना, चम्बल एवं कुंवारी नदियां बहती हैं। अतः अधोगत जल भरपूर है। डकैती समस्या समाप्त हो चुकी है। अब यह पूरा क्षेत्र विकास के लिए तैयार है।

भारत सरकार की नई नीति के अनुसार बांस को वन अधिनियम की सूची से मुक्त कर दिया गया है। अतः इस सम्पूर्ण क्षेत्र में बांस के रोपण से किसानों को लाभ देने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रभावी पहल अपेक्षित है।